**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 25.09.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रदेशभर में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम–उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीकर में पंडित उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण किया।**
- **वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने कहा–भारत 2030 तक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर।**
- **कुसुम यादव ने हेरिटेज नगर निगम के कार्यवाहक महापौर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।**
- **प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश–कई जगह पारा चढ़ा–बाडमेर में दिन का तापमान 40 डिग्री पर पहुंचा।**

000000

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें याद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पंडित उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय अवधारणा, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में पंडित उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने समारोह को संबांधित किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने भी समारोह में विचार व्यक्त किये। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक स्थल पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने वहां पंडित जी के जीवन से जुड़ी स्मृतियों के संग्रहालय का भी अवलोकन किया। श्री बागडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद की मौलिक विचार दृ ष्टि ही हमें नहीं दी बल्कि अंत्योदय के विचारों और शिक्षाओं से आम जन के कल्याण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुंबई में पंडित जी के सान्निध्य को याद करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल जी की कथनी और करनी एक थी। राजस्थान धरोहर बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत ने इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर 'अंत्योदय' के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने पंडित उपाध्याय को स्मरण करते हुए कहा कि वे एक महान नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता और गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। जैसलमेर में भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यकम में पंडित दीन दयाल की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। पाली में इस अवसर पर मोक्षधाम में स्वयं सेवकों द्वारा सफाई की गई।

000000

वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने कहा है कि भारत वर्ष 2030 तक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है। अमरीका के न्यूयॉर्क स्थित इस कंपनी के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत की आय वृद्धि स्थिर हुई है। मजबूत सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि और सकारात्मक निवेशक के कारण लाभ वृद्धि की गति 2030 तक स्थिर रह सकती है। कंपनी ने कहा है कि निफ्टी की कुल आय वृद्धि और मार्केट कैप ने पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर हासिल की है। इस बीच मूडीज एनालिटिक्स के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7 दशमलव एक प्रतिशत की गति से बढ़ने का अनुमान है। वैश्विक रेटिंग्स एजेंसी–स्टैंडर्ड एंड पूअर्स ने भी वित्त वर्ष 2024–25 के लिए भारत की विकास दर 6 दशमलव आठ फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

00000

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आशा व्यक्त की है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक की समीक्षा के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति आगामी शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है। उन्होंने बताया कि समिति को अब तक एक करोड़ से अधिक सुझाव प्राप्त हुएं हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की 100 दिनों की उपलब्धियों पर मीडिया को जानकारी देते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि अभी व्यापक विचार–विमर्श चल रहा है और समिति विभिन्न सरकारी तथा सामाजिक संगठनों से विचार और सुझाव ले रही है। उन्होंने कहा कि वक्फ बिल में पहले भी संशोधन होते रहे हैं लेकिन इस बार व्यापक स्तर पर विचार–विमर्श हो रहा है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको सरकार की कुछ नयी योजनाओं और पहल के बारे में बता रहे हैं।

000000

केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया को आज 10 साल पूरे हो गए हैं। इस अवधि के दौरान सरकार ने कई प्रमुख योजनाएं लागू की हैं। इन कार्यों से भारत के विनिर्माण परिदृश्य में क्रांति आई है और हमारी आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के एक सौ चालीस करोड भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है। उन्होंने पिछले एक दशक से इस आंदोलन को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे सभी लोगों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने हर संभव माध्यम से मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने कहा कि सुधारों के लिए प्रयास जारी रहेंगे और साथ मिलकर हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

000000

कुसुम यादव ने हेरिटेज नगर निगम के कार्यवाहक महापौर के रूप में आज कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर जयपुर की सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा और बालमुकुन्दाचार्य सहित पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद थे। **कार्यभार ग्रहण करने के बाद** श्रीमती यादव ने कहा कि नगर निगम को भ्रष्टाचार मुक्त करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। गौरतलब है कि वार्ड 74 से पार्षद कुसुम यादव को हेरिटेज नगर निगम का कार्यवाहक महापौर नियुक्त किया गया है। मुनेश गुर्जर के निलंबन के बाद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित इस पद पर कुसुम यादव 60 दिनों के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी।

000000

जोधपुर में आज 378 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने भारतीय नागरिकता पाने वाले सभी पाक विस्थापितों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक देवेन्द्र जोशी और अतुल भंसाली भी इस मौके पर मौजूद थे।

00000

उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने इटली के वेरोना शहर में चल रही स्टोन प्रदर्शनी में इंडिया स्टोनमार्ट पवेलियन का उद्‌घाटन किया। उन्होंने जयपुर में दिसम्बर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट–2024 और इंडिया स्टोनमार्ट–2026 के लिए सभी को आमंत्रित किया। इटली की प्रदर्शनी के अध्यक्ष फ़्रेडरिको ब्रिकोलो ने उद्योग राज्य मंत्री श्री विश्नोई सहित भारत के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। वेरोना में आयोजित इस विश्वस्तरीय स्टोन प्रदर्शनी में दुनियाभर से स्टोन, माइनिंग, प्रोसेसिंग, स्टोन क्राफ्ट, मशीन टूल्स, केमिकल्स और अन्य संबंधित क्षेत्रों से 1500 उद्यमी हिस्सा ले रहे हैं।

00000

पीएम श्री संस्था प्रधानों की एक दिन की आमुखीकरण कार्यशाला आज जयपुर में आयोजित की गई। इस मौके पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव से बचाने के लिए आध्यापकों की संवेदनशील और महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक कंटेंट बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल सकता है। श्री चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि बच्चों में कौशल विकास को बढ़ावा देना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्था प्रधान समस्याओं के समाधान का सार्थक प्रयास करें। वे स्वयं आगे बढ़कर सरकारी स्कूलों का कायापलट कर सकते हैं। उन्होंने संस्था प्रधानों की ओर से किये गए नवाचारों की सराहना की और नावाचारों में अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।

00000

प्रदेश के कुछ जिलों में आज हल्की से मध्यम बरसात हुई है। वहीं भरतपुर में आज कई दिनों बाद दोपहर बाद तेज तो कभी हल्की बरसात हुई। बरसात के साथ चली ठंडी हवा से मौसम खुशनुमा हो गया जिससे 2 दिन से गर्मी से परेशान हो रहे लोगों को राहत मिली । बरसात से जगह जगह पानी भर गया जिससे आवागमन में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ गया । इसके अलावा दौसा, अजमेर उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा, समेत कई अन्य जिलों में भी बारिश के समाचार है।

वहीं मरुस्थलीय ज़िले बाड़मेर में तेज़ गर्मी पड़ रही है जिसके चलते जनजीवन ख़ासा प्रभावित हो रहा है। आज लगातार दूसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज किया गया। कई अन्य जिलों में भी बारिश थमने से तापमान बढने लगा है। मौसम विभाग ने अगले तीन चार दिन पूर्वी जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है।

00000

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिलों में आज भी कार्यक्रम हुए। बाडमेर में विशेष सफाई अभियान नवो बाड़मेर चलाया जा रहा है। इसके तहत आज सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लगातार 12 घंटे का सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जोधपुर में केंदीय संचार ब्यूरो और नगर–निगम दक्षिण की ओर से जूना खेड़ा मंदिर पर श्रमदान किया गया। इस अवसर पर नगर–निगम के मुख्य निरीक्षक ललित रुपाणी ने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अपनी आदत में स्वच्छता को डालने का प्रयास करें। सवाईमाधोपुर में स्वच्छता–ही–सेवा अभियान के अंतर्गत आज नेहरू–युवा–केंद्र से जुड़े माय–भारत–वॉलिंटियर्स ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम डिपो बस स्टैंड परिसर में श्रमदान किया। झालावाड़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नृत्य और गीतों के जरिये स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता का अच्छा संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। अजमेर में निजी और सरकारी स्कूलों द्वारा गली मोहल्लों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

00000

केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है सेवा से सीखें कार्यक्रम पूरे भारत में रोगियों की ज़रूरतों को पूरा करते हुए सेवा की संस्कृति को पोषित करने की सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा राष्ट्र की भलाई में योगदान करते हुए अमूल्य अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।" राजस्थान में इस कार्यक्रम के तहत माई भारत स्वयंसेवकों को 700 स्थानों पर तैनात किया जा रहा है, जिसमें सरकारी अस्पताल और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पताल शामिल हैं। प्रत्येक अस्पताल में 10 से 20 स्वयंसेवकों के साथ, इस पहल का लक्ष्य न केवल रोगी सेवाओं में सुधार करना है, बल्कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000